1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण यूपी के नए डीजीपी नियुक्त किए गए हैं। शनिवार देर शाम उनके नाम पर मुहर लगी।1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण यूपी के नए डीजीपी नियुक्त किए गए हैं। शनिवार शाम उनके नाम पर मुहर लगी। इसके पहले दिन भर इस बात की चर्चाएं चलती रहीं कि वर्तमान डीजीपी प्रशांत कुमार की सेवाओं का विस्तार किया जा सकता है। वह 31 मई को रिटायर हो रहे हैं।सेवा विस्तार की चल रहीं थीं अटकलें बीते एक सप्ताह से इस बात की अटकलें जोर-शोर से चल रहीं थीं कि वर्तमान डीजीपी प्रशांत कुमार का सेवा विस्तार हो सकता है। सूत्रों से मिली खबरों के अनुसार उनके विस्तार को बिल्कुल आखिरी समय पर घोषित किया जाना था। उसके उलट शासन के द्वारा राजीव कृष्ण को प्रदेश को नया डीजीपी बना दिया गया।अभी तक डीजी विजिलेंस के पद पर थे कार्यरत डीजीपी के चयन के लिए राज्य सरकार ने पिछले वर्ष पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश के पुलिस बल प्रमुख) चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2024 को मंजूरी जरूर दी थी, पर उसके तहत अब तक समिति का गठन भी नहीं किया गया है। ऐसे में प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार न मिलने की दशा में डीजी विजिलेंस राजीव कृष्ण को डीजीपी का सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा था।

# तम्बाकू के सेवन से होती हैं प्रांणघातक बीमारियां- एडीजे

क्यूँ न लिखूँ सच

आज उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के निर्देशानुपालन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा शनिवार को जिला पुरूष चिकित्सालय, बदायूं में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा रिवन काटकर उक्त कार्यकम का प्रारम्भ किया गया उसके बाद सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, श्रीमती शिव कुमारी को उप मुख्य चिकित्साधिकारी, बदायूं व मुख्य चिकित्सा, अधीक्षक जिला पुरूष चिकित्सालय, बदायूं द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। फिजिशियन, डॉ0 हिरा आलम द्वारा अपने वक्तव्य में तम्बाकू व गुलमंजन से होने वाली गम्भीर बीमारियों व के वारे में विस्तार पूर्वक बताया। वरिष्ठ दन्त रोग विशेषज्ञ, डॉ0 आरती सक्सेना, द्वारा अपने वक्तव्य में तम्बाकू से होने वाले कैंसर व अन्य घातक बीमारियों के वारे में विस्तार पूर्वक बताया। उप मुख्य चिकित्साधिकारी बदायूं, डॉ0 जावेद हुसैन, द्वारा अपने वक्तव्य में विभिन्न प्रकार के तम्बाकू उत्पादों व धूम्रपान से होने वाली प्राण घातक बीमारियों के कारण, लक्षण, बचाव के वारे में विस्तार पूर्वक बताया। असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, कशिश सक्सेना, द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी आम जन मानस को 3 नये कानूनों के वारे में एवं धारा-12 के बारे में महिलाओं को घरेलू हिंसा से सम्बन्धित व एस0सी0/ एस0टी0 एवं किसी भी जाति की महिला एवं बच्चों आदि कैटागिरी जो पात्रता की श्रेणी में आते हैं उनको नि:शुल्क अधिवक्ता भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूं से दिये जाते हैं साथ ही नालसा स्कीम व महिलाओं के साथ हो रहे विभिन्न प्रकार के अत्याचार से सम्बन्धित भी विस्तार पूर्वक जानकरी प्रदान की गयी। अपर जिला जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, शिव कुमारी द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित जन-सामान्य से अपील की गयी कि तम्बाकू से से होने वाली गम्भीर बीमारियां, जैसे मुंह एवं गले का कैंसर आदि जानलेवा रोग व्यक्ति को मृत्यु तैया पर पहुंचा देते हैं इस लिए किसी भी प्रकार के तम्बाकू का सेवन करने से बचना चाहिए इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नि:शुल्क विधिक सेवायें प्रदान की जाती है। यदि किसी प्रकार महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन होता है तो वह अपने शिकायती प्रार्थना पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं एवं सम्बन्धित थाना में नि:संकोच केस दर्ज करा सकती हैं, महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे एसिड हमला, बलात्कार, अपहरण, दहेज उत्पीडन, एवं यौन उत्पीडन के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बताया इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभआप जब ले सकते हैं जब आप जागरूक एवांक्षित होगें यदि कोई आपको मानसिक व भावनात्मक रूप से भी प्रताड़ित करता है तो उसे भी घरेलू हिंसा के अन्तर्गत आता है और इसके लिए कानून में घरेलू हिंसा अधिनियम के रूप में उल्लेखित है, इसी कम में कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से अपील की गयी कि वह अपनी बेटियों के साथ मित्रवत् व्यवहार करें ताकि बेटियां वरिष्ठ परिजनों के साथ बेझिझझक अपनी कोई भी बात को रख सकें और उनके साथ कोई भी अप्रिय घटना कारित न हो साथ ही नालसा द्वारा संचालित टोल फ्री नम्बर-15100, एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित टोल फ्री नम्बर 1076, 112. 1090 आदि की उपयोगिता के वारे में भी विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। इसके अतिरिक्त 13 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौते के आधार पर अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं तथा सूक्ष्म एवं लघु प्रकृति के वादों को सम्बन्धित न्यायालय के निर्देशानुकम में जनपद न्यायालय परिसर में मध्यस्थता केन्द्र खुला हुआ है। उक्त मध्यस्थता केन्द्र के सदस्यों/अधिवक्ताओं द्वारा दोनों पक्षों को बिठाकर समझौता कराया जाता है। इसी कम में बताया कि महिलाओं के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान अति आवश्यक है। इसके उपरान्त शिविर के अध्यक्ष की अनुमति से उक्त शिविर का समापन किया गया। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी बदायूं, डॉ0 जावेद हुसैन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला पुरूष चिकित्सालय, बदायूं, डॉ0 कप्तान सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, बदायू डॉ0 सनोज मिश्रा, वरिष्ठ दन्त रोग विशेषज्ञ, डॉ0 अनीता सक्सेना, फिजिशियन, डॉ0 हिरा आलम, फिजिशियन, डॉ0 स्वतन्त्रपाल सिंह, पी0एम0 डब्ल्यू, मौ0 इलयास, परामर्शदाता, पवन कुमार आदि की टीम मौजूद रही।






प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# विकास खंड मऊआइमा में दिव्यांग शिविर संपन्न हुआ

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रयागराज के विकास खंड मऊआइमा में आज दिनांक 31मई दिन शनिवार को विकास खंड परिसर में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 41 लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया जिसमें 14 नया दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया, शिविर में आये कल्याण विभाग अफजल खान, व नासिर हुसैन, व नेत्र चिकित्सा अधिकारी जी प्रसाद, व मानसिक रोग विशेषज्ञ के डाक्टर राकेश पासवान, व समाज कल्याण विभाग अनवर हुसैन, व विकासखंड अधिकारी उमेश सिंह व समस्त ब्लाक कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे



# 130 अश्लील वीडियो कांड- भाजपा बोली- हमारे यहां ऐसी कोई नेत्री नहीं, पार्टी विरोधी गतिविधि थी, इसलिए निकाल दिया

भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष साधना तिवारी ने इस मामले में कहा कि सीमा गुप्ता, उत्तरी छपट्टी मंडल की महिला मोर्चा की अध्यक्ष थीं। मगर, 2023 में उनकी पार्टी विरोधी गतिविधियों और निष्क्रियता के चलते उन्हें हटा दिया गया था।भाजपा की कथित नेत्री सीमा गुप्ता के विवाहित बेटे शुभम गुप्ता और उसकी प्रेमिका के अश्लील वीडियो वायरल मामले ने बड़ा रूप ले लिया है। इस प्रकरण में भाजपा ने सीमा गुप्ता से किनारा करते हुए साफ कहा है कि उन्हें पार्टी ने 2023 में ही पद से हटा दिया था। दूसरी ओर इस मामले में शुभम गुप्ता की पत्नी ने भी महिला थाने में घरेलू हिंसा का केस दर्ज कराया है। वहीं, वायरल वीडियो में दिख रही महिला ने शुभम की पत्नी, उसके जीजा और बहन पर केस दर्ज कराया है।अखिलेश ने साधा निशाना शुक्रवार को अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। लिखा, भाजपा नेताओं और उनके परिजनों के कुकृत्यों के सिलसिलेवार खुलासों की कड़ी में मैनपुरी से %130 वीडियो% का महा भंडाफोड़, भाजपाइयों के कुख्यात कर्नाटक कांड से टक्कर लेता दिख रहा है। ये खुलासा तो मैनपुरी के भाजपाइयों के घर से ही हुआ है, इसलिए इसका आरोप भाजपा की आईटी सेल विपक्ष पर भी नहीं डाल सकती। यही हाल रहा तो महिलाएं भाजपाइयों के साए से भी चार हाथ दूर हटकर चलने लगेंगी। भाजपा की महिला विंग में सन्नाटा छा जाएगा और कोई भी महिला अपने मान-सम्मान की परवाह करते हुए भाजपा से दूर ही रहेगी। उनके परिवार वाले भी उनको भाजपाइयों से दूर ही रखेंगे। अब जनता को समझ आया कि भाजपा जब अपने को %%पार्टी विद ए डिफरेंस%% कहती है तो वो किस मामले में %%डिफरेंट%% है। इस क्षेत्र में भाजपा का न कोई मुकाबला है और न ही इस मामले में कोई भाजपाइयों से मुकाबला करना चाहेगा। इस क्षेत्र की महारत और काबिलियत भाजपा को ही मुबारक। भाजपा के %%नारी-वंदना अभियान%% का सच क्या यही है। पर्यटन मंत्री जयवीर ने दी सफाई- प्रदेश स्तर पर गर्म हुई राजनीति के बाद शनिवार को मैनपुरी आए शहर विधायक एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को सफाई देनी पड़ी। उन्होंने कहा, जिले लोग महिला नेत्री बता रहे हैं, हमारे यहां कोई ऐसी नेत्री नहीं है। जिलाध्यक्ष से बात की। उनसे पता लगा कि वह कभी रही थीं। पार्टी के खिलाफ जो गतिविधियां थीं, उसको लेकर उनको काफी पहले निकाल दिया गया था। उनको कभी किसी कार्यक्रम में न बुलाया जाता है और न ही कोई महिला नेत्री और कोई पदाधिकारी हैं। इस प्रकरण में दो मुकदमे दर्ज हुए हैं। एक महिला थाने में और एक कोतवाली में। उनकी पुलिस जांच करेगी, जो भी तत्व होंगे उसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। अखिलेश यादव को कोई भी हल्का-फुल्का विषय मिल जाता है तो वह आए दिन उन्हें पोस्ट करते हैं। 2021 में हुई थी शुभम की शीतल से शादी, पत्नी ने लगाए यह आरोपशुभम गुप्ता उर्फ रवि की पत्नी ने शीतल गुप्ता की ओर से महिला थाने में केस दर्ज कराया गया है। इसमें आरोप है कि 30 नवंबर 2021 को उसकी शादी शुभम के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति, ससुर भगवत शरण गुप्ता, सास सीमा गुप्ता व ननद कोमल गुप्ता उर्फ लवली अतिरिक्त दहेज में चार पहिया गाड़ी की मांग करने लगे। भूखा प्यासा रखकर शारीरिक व मानसिक यातनाएं देने लगे। मायके वालों ने कई बार समझाने का प्रयास किया। मगर, यह लोग नहीं माने। इधर, पति का प्रेम प्रसंग दूसरी महिला के साथ चल रहा है। जिसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के वीडियो भी पति ने बनाए हैं। 24 मई 2025 को ससुरालीजन ने कमरे में बंद कर बुरी तरह से मारा पीटा और जान से मार डालने का प्रयास किया।किसी प्रकार उनसे जान बचाई। वीडियो वायरल करने का महिला ने तीन पर केस दर्ज कराया

# अहिल्याबाई होल्कर जयंती कार्यक्रम का भव्य आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच-श्याम जी कश्यप

फरूखाबाद - समाजवादी पार्टी कार्यालय, फर्रुखाबाद में अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी एवं सदर प्रभारी डॉ. दिलीप यादव रहे। उन्होंने जिला अध्यक्ष श्री चंद्रपाल सिंह यादव सहित अन्य नेताओं के साथ अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन में डॉ. दिलीप यादव ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और उनके सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा द्वारा निकाली जा रही रैलियों का उद्देश्य केवल राजनैतिक स्वार्थ है, जबकि उनके कार्यों से होल्कर समाज को कोई लाभ नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ झूठ की राजनीति कर रही है, जिसे जनता भलीभांति समझ चुकी है, और 2027 में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लेकर हमें एक-एक बूथ पर मेहनत करनी होगी। डॉ. यादव ने कहा कि नेताजी (स्व. मुलायम सिंह यादव) ने सभी समाजों को जोड़ने का काम किया था। केवल मुस्लिम और यादव समाज से सरकार नहीं बनती, बल्कि समस्त ओबीसी समाज को एकजुट करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव जी का पढ़ा का संकल्प卐 एक सकारात्मक दिशा में बढ़ रहा है, जिसका परिणाम हमें 2024 में दिखाई दे चुका है और 2027 में इसका प्रभाव और व्यापक रूप से देखने को मिलेगा। इसके लिए हमें सभी समाजों को जोड़कर सार्थक राजनीति करनी होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि नए मतदाताओं, विशेषकर 18 वर्ष की आयु पार कर चुके युवाओं एवं नवविवाहित महिलाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य प्राथमिकता से करें। सदर विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ विशेष बैठक कर बूथ स्तर की सक्रियता पर बल दिया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री चंद्रपाल सिंह यादव ने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने पेंशन बंद कर दी, युवाओं को संविदा पर 4 साल की नौकरी का झुनझुना पकड़ा दिया और किसानों की उपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। पूर्व महानगर अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय यादव ने कहा कि भाजपा की गुमराह करने वाली राजनीति से सतर्क रहने की आवश्यकता है। वहीं, पूर्व मंत्री सर्वेश अंबेडकर ने कहा कि यदि पीडीए समाज एकजुट हो जाए तो भाजपा की नफरत फैलाने की राजनीति को जड़ से खत्म किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव श्री इलियास मंसूरी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में विवेक सिंह यादव (जिला प्रवक्ता), बंटी यादव (राष्ट्रीय सचिव, लोहिया वाहिनी), अशोक अंबेडकर (राष्ट्रीय सचिव, बाबा साहब वाहिनी), साजिद अली खान जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ,तस्लीम खान (युवजन सभा महासचिव),विधानसभा अध्यक्ष चंद्रेश राजपूत, मुजाहिद अंसारी,रमेश चंद्र कठेरिया (जिला उपाध्यक्ष), शिव शंकर शर्मा, रामपाल यादव जिला सचिव, कमल हसन, विजय अनुरागी, विनीत परमार, , अश्विनी यादव, रवि यादव, अखिल कठेरिया, निजाम अंसारी, आजाद अनेश, अमित कठेरिया, अजय यादव, लक्ष्मी देवी राजपूत, मुख्तार आलम आदि गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे





# वैभव शाखा द्वारा किया गया बाल संस्कार शिविर का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- वैभव शाखा द्वारा बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ हुआ जिसमें प्रांतीय उपाध्यक्ष संजीव वार्ष्णेय वैभव,प्रांतीय महासचिव प्रभात वार्ष्णेय रजनीश, प्रांतीय संयोजक महिला सहभागिता नीलम शर्मा जी, प्रांतीय संयुक्त सचिव डॉ नीलिमा जोशी,प्रांतीय बाल संस्कार शिविर प्रभारी मोहित मित्तल, अध्यक्ष सचिन अग्रवाल, सचिव अजय राठी धीरज,कोषाध्यक्ष निखिल वार्ष्णेय, रोहित वार्ष्णेय पीतल संयोजक संस्कार,महिला संयोजिक निशा वार्ष्णेय ने संयुक्त रूप से भारत माता व स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। आज लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी की 300वी जन्म जयंती भी मनाई गई और सभी शिविरार्थियों को योग, देशभक्ति गीत और मंत्रोच्चारण कराया गया। योग गुरु प्रांतीय योग प्रभारी विशन चंद्र वार्ष्णेय तथा प्रवीण जैन ने योग कराया। प्रांतीय प्रभारी रक्त जांच प्रगति तायल जी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की रोचक कहानियां भी सुनाई गई और नीलम शर्मा जी द्वारा धर्म के नारे लगवाए गए। शिविर का संचालन स्वाती राजा एवं सोनल द्वारा किया गया और डॉ विजय कांत आशीष राजा पवन जिंदल,कुलदीप शर्मा ,अमित नवमान जी ने व्यवस्थाएं की एवं अतिथियों का स्वागत किया। विर में 77 बच्चों ने प्रतिभाग किया इस अवसर पर सीमा वैभव, शिवानी वार्ष्णेय, मोहिनी गुप्ता, रेशु जिंदल, आदि द्वारा कार्यक्रम में सहयोग किया।










# रात के अंधेरे में दौड़ते ओवरलोड डंपरों का वीडियो वायरल, मिट्टी खनन माफिया बेखौफ - प्रशासन मौन

क्यूँ न लिखूँ सच- राकेश गुप्ता


शामली_उत्तर प्रदेश के शामली जनपद में अवैध मिट्टी खनन का धंधा खुलेआम चल रहा है, और जिम्मेदार विभागों की चुप्पी इस गैरकानूनी कारोबार को बढ़ावा दे रही है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें रात के अंधेरे में ओवरलोड डंपर बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ते दिख रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये मिट्टी खनन जिले के शाहपुर मार्ग स्थित गांव सेहंटा के पास हो रहा है, जहां चर्चित माफिया अमजद द्वारा बिना किसी वैध अनुमति के भारी मशीनों से मिट्टी खनन किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, यह मिट्टी गांव कुडाना के जंगलों से निकाली जाती है और फिर डंपरों में भरकर मुजफ्फरनगर रोड स्थित नवविकसित कॉलोनियों में ऊंचे दामों पर बेची जाती है। आश्चर्य की बात यह है कि जिला प्रशासन और परिवहन विभाग को न तो यह ओवरलोड डंपर दिखाई दे रहे हैं, न ही कोई कार्रवाई होती दिख रही है। आरोप है कि करीब आधा दर्जन डंपर - जो उड़ीसा राज्य के नंबर पर दर्ज हैं - इस अवैध खनन कार्य में लगे हुए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खनन माफिया अमजद खुलेआम दावा करता है कि उसका प्रशासन और परिवहन विभाग के अधिकारियों से सेटिंग है और इसलिए उसे कोई नहीं रोक सकता। इसके चलते न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि सरकार के राजस्व को भी भारी चूना लगाया जा रहा है। इस पूरे मामले पर एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें शामली जनपद में लगातार अवैध खनन की शिकायतें मिल रही हैं और जल्द ही चिन्हित माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




# NH-34 पर सवारियों से भरा टेंपो फार्म हाउस की दीवार से टकराया महिला, पुरुष व बच्चों समेत 7 घायल

क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ के थाना गांधी पार्क क्षेत्र के हवाई पट्टी शिव महिमा हॉस्पिटल के सामने ह॥-34 सुबह बड़ा हादसा हो गया। करीब 6 बजे सवारियों से भरा एक टेंपो कुत्ता बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर फार्म हाउस की दीवार से जा टकराया हादसे में टेंपो में सवार महिला, पुरुष और बच्चों समेत कुल 6 लोग घायल हो गए।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गई, जहां सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। एक गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।घायल सुशील पिता का नाम मनोहर लाल निवासी बालूखेड़ा घर से मजदूरी करने जा रहा था अलीगढ़ रूपेश पिता का नाम महेंद्र निवासी आकराबाद सुधीर पिता का नाम रणवीर निवासी जुझारपुर ने बताया कि गांव से टेंपो से गुड़गांव में ड्यूटी करने जा रहा था वहीं दूसरी एक्सीडेंट हवाई पट्टी के निकट बाइक बचाने के चक्कर में हुआ जिसमें चार लोग हुए घायल राधा पति प्रिंस निवासी एटा नीलम पति मनीष सोनाक्षी पिता मनीष एटा इलाज जारी है









# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन का औचक निरीक्षण चिकित्सक व नर्स ड्यूटी से नदारद, जिलाधिकारी ने लगाई फटकार

क्यूँ न लिखूँ सच- पवन कुमार

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जालौन का अचानक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान इमरजेंसी वार्ड में तैनात चिकित्सक और वार्ड की नर्स अपनी ड्यूटी से नदारद मिले। जैसे ही चिकित्सक को जिलाधिकारी के निरीक्षण की सूचना मिली, वह दौड़ते हुए अस्पताल पहुंचे। जिलाधिकारी ने इस लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि संबंधित डॉक्टर और स्टाफ के खिलाफ आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आमजन को बेहतर और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा आदि सहित सम्बंधित चिकित्सक आदि मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार

# महिला का ब्लाउज फाड कर अश्लीलता की गयी न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच

मऊआइमा (प्रयागराज) मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम रमना मानी उमरपुर निवसनीय एक महिला का आरोप है कि वह 1 मार्च 2025 को मजदूर लेकर खेत में आलू की खुदाई करा रही थी। आरोप है कि उसके ट्यूबवेल पर कतिपय लोगों द्वारा शराब पीकर गालियां दी जा रही थी।मना करने पर नहीं मान रहे थे। गांव आकर कतिपय लोगों के खिलाफ उनके घरों में शिकायत पर एक महिला उल्टा उसे बुरा भला कहने लगी। आरोप है कि आरोपियों ने उसका ब्लाउज फाड दिए तथा अश्लील हरकतें किए। गुहार लगाने पर किसी तरह उसकी इज्जत बची।और आरोपियों ने धमकी दी कि कहीं शिकायत की तो तेरी खैर नहीं है।तथा गालियां दी जान से मारने की धमकी भी दिए। महिला का आरोप है कि थाने में शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं हुई तो वह न्यायालय में फरियाद लगाई। न्यायालय के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने रमना मानी उमरपुर निवासी अनिल कुमार उर्फ लल्लू, वरूण कुमार, कृष्ण कुमार और कृष्ण कुमार की माता नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बाजार से बाइक चोरी थाने में तहरीर

क्यूँ न लिखूँ सच

मऊआइमा ( प्रयागराज) मऊआइमा क्षेत्र में चोरी का सिलसिला बंद नहीं हो रहा है। ग्राम जयसिंहपुर निवासी राम सिंह पुत्र बचई सिंह अपनी बाइक लेकर तिलई बाजार में सब्जी लेने आए थे। बताया गया है कि बाइक लाक कर वह सब्जी खरीदने लगे।थोडी देर में जब राम सिंह अपनी बाइक के पास आए तो देखा कि बाइक नदारद थी।राम सिंह ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ बाइक चोरी की तहरीर दी है।

# नगर उद्योग व्यापार मंडल का बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा

क्यूँ न लिखूँ सच- श्याम जी कश्यप

फर्रुखाबाद- फर्रुखाबाद में नगर उद्योग व्यापार मंडल, मिश्रा गुट ने बिजली विभाग के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। मंडल का आरोप है कि बिजली विभाग द्वारा चौक चौराहे पर ट्रांसफार्मर लगाने के लिए किया जा रहा अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर अध्यक्ष हाजी मो. इख़लाक़ खान ने कहा कि प्रशासन द्वारा फर्रुखाबाद रेलवे रोड को अतिक्रमण के नाम पर तोड़ दिया गया, जिससे सैकड़ों व्यापारियों का रोजगार छिन गया। अब बिजली विभाग द्वारा चौक चौराहे पर ट्रांसफार्मर लगाने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि व्यापारियों के लिए खतरनाक हो सकता है। मंडल ने चेतावनी दी है कि अगर 3 दिन में ट्रांसफार्मर का चबूतरा नहीं हटाया गया तो चौथे दिन से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिला महिला अध्यक्ष सोनी शुक्ला और महिला नगर अध्यक्ष प्रीति गुप्ता ने कहा कि वे किसी भी सूरत में चौक चौराहे पर ट्रांसफार्मर नहीं रखने देंगी। नगर महामंत्री राकेश सक्सेना ने कहा कि बिजली विभाग की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर जरूरत पड़ी तो व्यापार मंडल खुद अतिक्रमण हटा देगा। नगर युवा अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि बिजली विभाग को व्यापार मंडल की बात माननी होगी। अगर ट्रांसफार्मर का चबूतरा नहीं हटाया गया तो वे टेंट लगाकर धरना देंगे। नगर संरक्षक आनंद प्रकाश मुन्ना गुप्ता ने कहा कि बिजली विभाग को अपने मानक बताने होंगे और एक-एक खंभे के बीच की दूरी नापनी होगी। मंडल के पदाधिकारियों ने एकजुट होकर 3 दिन का अल्टीमेटम दिया है। अगर बिजली विभाग उनकी मांग नहीं मानता है तो वे धरना प्रदर्शन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।



# प्रमुख सचिव श्री एल. वेंकटेश्वरलू ने कर्मयोग को बताया विकसित भारत का आधार

क्यूँ न लिखूँ सच- नीरज कुमार

उत्तर प्रदेश शासन के समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव एवं उपाम व स्ढ्ढक्रष्ठ के महानिदेशक श्री एल. वेंकटेश्वरलू मुख्य अतिथि व जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व प्रोफेसर चन्द्रशेखर ने महिंद्रा रिसोर्ट, तहसील जालौन (छत्रसाल इंटर कॉलेज के सामने) कर्मयोग, अभ्युदय एवं विकसित भारत विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। श्री वेंकटेश्वरलू ने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए कर्मयोग की मूल विचारधारा को समझना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कर्मयोग केवल एक आध्यात्मिक दर्शन नहीं, बल्कि जीवन का व्यावहारिक मार्गदर्शन है, जो अभ्युदय यानी समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि कर्मयोग ऐसा माध्यम है, जिससे कर्म करते हुए भी ईश्वर की प्राप्ति संभव है। यह न केवल आत्मज्ञान को जागृत करता है, बल्कि युवाओं को अपने जीवन के उद्देश्यों को समझने में भी सहायता करता है। प्रमुख सचिव ने युवाओं को विशेष रूप से संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय, विशेषकर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी। ऐसे में उन्हें केवल सपने देखने तक सीमित न रहकर कर्मयोग के मार्ग पर चलकर उन्हें साकार करने की दिशा में कार्य करना होगा। उन्होंने इस अवसर पर भारतीय दर्शन में कर्मयोग की प्रासंगिकता को भी रेखांकित किया और कहा कि यही वह सिद्धांत है जो व्यक्ति को लक्ष्य की ओर अग्रसर करता है और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका को सशक्त बनाता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, उप जिलाधिकारी विनय कुमार, आदि सहित शिक्षाविदों, विद्यार्थियों तथा सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# मा0 एमएलसी वीरेन्द्र सिंह जी ने वृद्धजनों को वितरित किए सहायक उपकरण

क्यूँ न लिखूँ सच – राकेश गुप्ता

शामली विकास खण्ड परिसर कांधला में आयोजित शिविर में आज एमएलसी श्री वीरेन्द्र सिंह जी ने राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अन्तर्गत 28 वृद्धजनों को सहायक उपकरण जैसे की व्हील चेयर, कान की मशीन, बेंत, सिलिकॉन तकिया, वॉकर,कमोड चेयर,सर्वाइकल कॉलर,नी ब्रेस,स्पाइनल सपोर्ट इत्यादि वितरित किये। इस अवसर पर मा0 एमएलसी वीरेंद्र सिंह जी ने सभी वृद्धजनों से कुशल क्षेम पूछा और वृद्धजनों हेतु सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय वयोश्री योजना के विषय में बताया और कहा कि अगर कोई भी शेष लाभार्थी है तो वह संबंधित विभाग में अपना नाम नोट करा ले ताकि आगामी शिविर में उनका भी पंजीकरण करके उन्हें लाभान्वित किया जा सके,इसके अलावा वृद्धजनों की अन्य योजनाओं के विषय में भी विधायक जी ने विस्तार से अवगत कराते हुए उन्हें सहायक उपकरणों के साथ रवाना किया। ज़िला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी श्री अंशुल चौहान ने इस अवसर पर बताया कि भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत विगत 13 मई से लेकर 16 मई तक ब्लॉकवार शिविर आयोजित कर 255 लाभार्थियों को चिन्हित कर उनका पंजीकरण किया गया था जिसमे दिनांक 29-05-25 को विकास भवन और आज दिनांक को ब्लॉक परिसर कांधला में इन लाभार्थियों को सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु वितरण शिविर आयोजित किया गया।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख डॉ विनोद मलिक,ज़िला पंचायत सदस्य श्रीमती नीरज सैनीं व एलिम्को प्रतिनिधि डॉ योगेश जी और डॉ विक्रम जी मौजूद रहे।



# शामली जिलाधिकारी द्वारा जिला गंगा समिति जिला पर्यावरण जिला आरक्षण रोपण समिति बैठक का आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच – राकेश गुप्ता

शामली विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी शामली श्री अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज जिला गंगा समिति/जिला पर्यावरण समिति/जिला वृक्षारोपण समिति बैठक का आयोजन किया गया।आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने एजेंडा बिन्दु के अनुसार समीक्षा करते हुए जिन बिंदुओं पर कमी दिखी उसमें सुधार के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने गंगा नदी एवं उसकी सहायक नदियों के तट पर बसे ग्रामों/निकायों द्वारा जन जागरूकता अभियान की समीक्षा करते हुए नगर पालिका शामली व कैराना द्वारा कार्यक्रम की सूचना अप्राप्त पाए जाने पर नगर पालिका शामली से कोई अधिकारी या प्रतिनिधि नहीं होने पर अधिशासी अधिकारी शामली को कारण बताओं नोटिस के निर्देश दिए वहीं कैराना अधिशासी अधिकारी के स्थान पर आये प्रतिनिधि द्वारा संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर उनका वेतन रोकने के साथ अधिशासी अधिकारी कैराना को भी नोटिस के निर्देश दिए। बैठक में निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर नगर पालिका कांधला में बायोरेमिडियेशन का कार्य व्यवस्थित न मिलने पर अधिशासी अधिकारी कांधला को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में जल निगम के अधिकारी अनुपस्थित पाए जाने पर उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने नदी में प्रवाहित नालों की जांच आख्या एवं जिन पर जल उपचार बायो/फाइटोरेमिडियेशन) हो रहा है एस0टी0पी0, सी0ई0टी0पी0 कार्य प्रगति, जल नमूने की सूचना नगर निकायों से सीधे नदी में जा रहे नाले की समीक्षा करते हुए नगर निकायों द्वारा समुचित ढंग से बायोरेमिडियेशन की कार्रवाई नहीं की जा रही है या नहीं टीम घटित कर जांच के निर्देश दिये। बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने प्रदूषण विभाग को कंडेला इंडस्ट्रियल एरिया नाला व सिक्का पेपर मील नाला पर गंगा समिति सदस्य मुस्तकीम मल्लाह को जांच हेतु साथ लेकर जाने के निर्देश दिए। जिला पर्यावरण समिति के एजेंडा बिंदुओं की समीक्षा की गई, प्रदूषण विभाग को निर्देश दिए गए कि औद्योगिक क्षेत्रों से निकलने वाले कचरे का सही से निस्तारण किया जाए। समस्त अधिशासी अधिकारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक पर नियमित रूप से रोकथाम कराने के निर्देश दिए।मुख्य चिकित्साधिकारी को बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण हेतु निरीक्षण करते रहने निर्देश दिए। सहायक सम्भागीय अधिकारी को ओवरलोड, डग्गामार वाहनों पर टीम बनाकर नियमित कार्यवाही के निर्देश दिए। वृक्षारोपण समिति के संबंध में सभी विभागों को निर्देश दिए गए कि जिन विभागों द्वारा वृक्षारोपण कार्ययोजना नहीं भेजी गई, जल से जल्द भेजना सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही ना बरती जाए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने अवगत कराया कि शासन द्वारा सभी जनपदों को वृक्षारोपण लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है जिसमें हमारे जनपद को 1377680 का लक्ष्य मिला है जिसके क्रम में सभी विभागों से वृक्षारोपण कार्ययोजना बनाकर भेजने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी,प्रभागीय वनाधिकारी जगदेव सिंह,अधिकारी शामली, कृषि विभाग, PWD, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिंचाई विभाग, पंचायती राज विभाग, परिवहन विभाग आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।






## संक्षिप्त समाचार

# श्रुत पंचमी पर्व मनाया बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच – राकेश गुप्ता

शामली जलालाबाद श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जलालाबाद में आज श्रुत पंचमी पर्व बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक व शान्तीधारा की गई। इसके बाद विधि विधान से भगवान पार्श्वनाथ व भगवान महावीर स्वामी की पूजा की गई। इसके बाद पं0 सनत जैन ने श्रुत पंचमी के बारे विस्तार से बताया कि यह पर्व प्रतिवर्ष ज्येष्ठ शुक्ला पंचमी को जैन समाज में श्रुत पंचमी पर्व मनाया जाता है। इस पर्व के पीछे एक इतिहास है श्री वर्धमान जिनेन्द्र के मुख से श्री इन्द्रभूति ( गौतम) गणधर ने श्रुत को धारण किया। उनसे सुधर्माचार्य ने और उनसे जम्बू स्वामी नामक अंतिम केवली ने ग्रहण किया। भगवान महावीर के निर्वाण के बाद इनका का 62 वर्ष है। श्रुत पंचमी के शुभ अवसर पर भक्तामर दीर्पाचन पाठ किया गया जिसके पुर्ण्याजक श्री निपुण जैन, र्कीति जैन, लक्ष्मी नगर दिल्ली रहे। आस पास के शहरो से आये जैन श्रावको ने मंदिर जी के सभी शास्त्रो पर कवर पेपर लगाकर धर्म लाभ कमाया। इस मौके पर बाहर से आये जैन श्रावकगणो का मंत्री कमेठी के मंत्री सुशील कुमार जैन ने सभी को पटका व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। प्रवीण जैन , दीपक जैन, मनोज जैन, सचिन जैन, प्रमोद जैन कृष्णा नगर दिल्ली ललित जैन शामली, संजय जैन तितरो ऋषभ जैन, सनत जैन , सतीश, सचिन जैन, राहुल जैन, अर्पण जैन, अंकित जैन, विशाल जैन, तन्मय जैन व सहारनपुर ,नानौता , रामपुर व बडौत से आकर काफी श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# एसओजी में तैनात शहीद सिपाही सौरभ देशवाल को दी गई श्रद्धांजलि

क्यूँ न लिखूँ सच – राकेश गुप्ता

शामली।जनपद गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र के गांव नाहल में पांच दिन पूर्व बदमाशों के हमले में शहीद हुए गांव बधेव निवासी यूपी पुलिस के सिपाही सौरभ देशवाल की तेरहवीं पर हवन व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गणमान्य लोगों व ग्रामीणों ने शहीद सिपाही को श्रद्धांजलि अर्पित की। गौतमबुद्ध नगर में एसओजी में तैनात सिपाही सौरभ देशवाल रविवार रात को गांव नहाल में बदमाशों के हमले में बलिदानी हो गए थे। शामली क्षेत्र के पैतृक गांव बधेव में सोमवार को सिपाही के शव का अंतिम संस्कार किया गया था। सौरभ देशवाल की तेरहवीं हुई। इस दौरान गांव व क्षेत्र के ग्रामीण, रिश्तेदार, परिचित और गण्यमान्य लोग बड़ी संख्या में उनके आवास पर पहुंचे। सुबह आठ बजे हवन हुआ। इसके बाद दोपहर 12 बजे श्रद्धांजलि सभा हुई। इस दौरान पूर्व मंत्री सुरेश राणा, थानाभवन विधायक अशरफ अली, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल, वाजिद अली, राजन जावला समेत सभी लोगों ने बलिदानी सिपाही के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



# कस्बा बनत द्वारा पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के 300 वे जन्म दिन को हर्षोल्लास के साथ मनाया

क्यूँ न लिखूँ सच – राकेश गुप्ता

शामली। कस्बा बनत मे पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के 300 वे जन्म दिन को कस्बा बनत में स्थित उनके स्मृति स्थल पर लगी उनकी मूर्ति को माल्यार्पण एवम् फूल अर्पित करके नगर पालिका पंचायत बनत के तत्वाधान में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद संगल ने संबोधित करते हुए कहा माता अहिल्याबाई होल्कर ने 80 से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया जिनमें काशी विश्वनाथ का मंदिर भी शामिल है केदारनाथ से लेकर रामेश्वरम तक अपने राज्य की सीमा से बाहर जाकर उन्होंने मंदिरों के जीर्णोद्धार कराए । मध्य प्रदेश के मालवा प्रदेश की महारानी अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन से हमें शिक्षा लेनी चाहिए कि किस प्रकार एक साधारण परिवार में जन्म लेने के बाद राज्य की बागडोर संभाल कर उन्होंने नारी उत्थान, समाज उत्थान में अपना सहयोग दिया । भगवान शिव की अनन्य भक्त पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी राजमाता के त्याग, तप, न्यायप्रियता और जनकल्याण के अद्वितीय आदर्शों के प्रतीक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर केवल एक शासक नहीं थीं, बल्कि वे एक महान धर्मप्रेमी, दानवीर एवं जनता की सच्ची संरक्षक थीं, जिनका सम्पूर्ण जीवन सेवा और समर्पण की अनुपम मिशाल है। महारानी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए मुख्य अतिथि श्री अरविंद संगल जी नगर पालिका अध्यक्ष शामली के पश्चात मंडल अध्यक्ष श्री गजेंद्र सिंह जी श्रीमती कुसुम जी नगर पचायत अध्यक्ष बनत चेयरमेन प्रतिनिधि धरमवीर महामंत्री बदन सिंह ई. ओ. देवकीनंदन अन्य सभासद एवं अन्य देवतुल्य कार्यकर्ता बधु ने भी माल्यार्पण किया।




# जिला अस्पताल पन्ना में जच्चा और बच्चा की मौत

## स्त्री रोग डॉक्टर अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप

क्यूँ न लिखूँ सच
रमाशंकर तोमर

जिला अस्पताल पन्ना में डॉक्टरों की कमी के कारण आए दिन अस्पताल में गर्भवती महिलाओं एवं नवजात बच्चों की मौत के अलावा सड़क हादसे में घायल लोगों तथा बीमार व्यक्तियों की समय पर डॉक्टर ना मिलने के कारण मौत के मामले लगातार प्रकाश में आते रहते हैं। इसके बावजूद जिले के राजनेताओं तीनों विधायक द्वारा पन्ना जिला अस्पताल में रिक्त पड़े डॉक्टरों की कमी की पूर्ति को लेकर कोई भी ठोस प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। 29 एवं 30 मई 2025 की दरमियानी रात्रि को अमानगंज निवासी श्रीमती रमन चौधरी पति प्रमोद चौधरी उम्र 30 वर्ष को प्रसव वेदना के कारण जिला अस्पताल पन्ना उपचार के लिए रात्रि में लाया गया था, जहां पर उन्हें उपचार हेतु भर्ती किया गया। रात्रि में लगभग 5-6 घंटे तक महिला दर्द से कराहती रही मगर कोई भी स्त्री रोग डॉक्टर उन्हें देखने के लिए जिला अस्पताल पन्ना नहीं पहुंची है। जिसके कारण गर्भवती महिला एवं गर्भ में पल रहे नवजात बच्चे ने दम तोड़ दिया है। जच्चा एवं बच्चा की मौत का मामला जैसे ही चर्चा में आया तत्काल ही गुनौर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी जीवनलाल सिद्धार्थ एवं युवा नेता सामाजिक कार्यकर्ता डॉ जितेंद्र सिंह जाटव अपने समर्थकों के साथ जिला अस्पताल पन्ना पहुंचे और उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। महिला के पति प्रमोद चौधरी की मांग है कि जिन डॉक्टरों की लापरवाही के कारण हमारी धर्मपत्नी एवं नवजात बच्चे की मौत हुई है उन पर सख्त कार्रवाई की जाए और हमको न्याय दिलाया जाए। इसी मांग को लेकर जिला अस्पताल में लगभग तीन चार घंटे तक हंगामा मचा रहा। अस्पताल परिसर में हंगामा की जानकारी जैसे ही अस्पताल पुलिस चौकी को प्राप्त हुई उन्होंने तत्काल ही पुलिस की वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पाते ही थाना कोतवाली पन्ना से एवं पुलिस लाइन से भी पुलिस बल जिला अस्पताल में पहुंच गया और चारों तरफ सुरक्षा व्यवस्था की गई। ज्ञात होकि पन्ना जिला अस्पताल में लगभग एक दर्जन स्त्री रोग डॉक्टर के पद सुविकृत है मगर मात्र दो डॉक्टरों के भरोसे पूरेजिला अस्पताल की व्यवस्था चल रही है। इसके साथ ही मेडिसिन विभाग में भी लगभग चार डॉक्टर के पद् स्वीकृति हो चुके थे। जिनमें से एकमात्र डॉक्टर प्रदीप द्विवेदी मेडिसिन विभाग की व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं। हड्डी रोग विशेषज्ञ में जिला अस्पताल में वर्तमान में एक भी डॉक्टर उपलब्ध नहीं है क्योंकि जो डॉक्टर आलोक गुप्ता जी हड्डी रोग विशेषज्ञ हैं वह जिला अस्पताल में सिविल सर्जन की जिमदारी संभाल रहे हैं। ऐसे में हड्डी रोग के लिए डॉक्टर उपलब्ध नहीं रह जाते हैं। नाक कान गला विशेषज्ञ हड्डी रोग विशेषज्ञ सहित कई डॉक्टरों के पद रिक्त पड़े हुए हैं। एक दिन पूर्व ही 29 मई 2025 को प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन सिंह यादव भी पन्ना आए हुए थे मगर पन्ना जिले में डॉक्टरों की कमी को लेकर जिले के तीनों विधायकों में किसी के द्वारा भी आवाज नहीं उठाई गई है। जिले की भोली भाली गरीब जनता को भुगतना पड़ रहा है। यदि समय रहते पन्ना जिला अस्पताल में डॉक्टरों की व्यवस्था नहीं की जाती है तो निश्चित रूप से कभी भी जानता का आक्रोश सड़कों पर फुट सकता है।




# वार्ड मेरा परिवार शामली शुगर मिल से त्रस्त दयानंद नगर की जनता जनार्धन की एक ही पुकार, नही सहेगे अब शुगर मिल का अत्याचार

क्यूँ न लिखूँ सच – राकेश गुप्ता

शामली। मेरा वार्ड मेरा परिवार शामली शुगर मिल से त्रस्त दयानंद नगर की जनता जनार्धन की एक ही पुकार। नही सहेगे अब शुगर मिल शामली का अत्याचार। आज शुगर मिल शामली की ताना शाही और हठधर्मिता के चलते जान बूझकर सार्वजनिक रूप से आम जन मानस के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने की नीयत से फेलाई जा गंदगी के विरुध वार्ड की पीड़ित जनता जनार्दन के संग जिला प्रशासन को पुन अवगत कराते हुए जल्द से जल्द जनहित समस्या का निस्तारण कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया और अगर जनहित समस्या का निस्तारण जल्द से जल्द नही कराया गया तो दयानंद नगर वासी शुगर मिल से त्रस्त होकर पलायन करने को होंगे मजबुर जिसका समस्त जवाबदेह और जिम्मेदार शुगर मिल शामली होगा।




# मऊआइमा ब्लॉक में लगाया गया दिव्यांग शिविर, हुआ चिन्हांकन

क्यूँ न लिखूँ सच

मऊआइमा (प्रयागराज ) मऊआइमा विकास खंड में शनिवार को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 41 दिव्यांगों का चिन्हांकन किया गया। जिसमें 14 नया दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया। अन्य प्रकार के दिव्यांगों का चिन्हांकन किया गया। इस मौके पर दिव्यांग कल्याण विभाग अफजाल मोहम्मद खान, नासिर हुसैन ,दिनेश कुमार ,नेत्र चिकित्सा अधिकारी जी प्रसाद ,मानसिक रोग विशेषज्ञ राकेश पासवान, खंड विकास अधिकारी उमेश सिंह, समाज कल्याण विभाग से अनवर हुसैन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला व्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

